न्यायालय उपखण्ड अधिकारी हमीरगढ़, जिला भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारी नेहा छीपा (आर.ए.एस)

प्रकरण संख्या 13/2025

उनवान

1. चेतना पुत्री दाखी देवी गाडरी नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
2. चोखा पुत्र श्री देवा गाडरी नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
3. जवानी लाल पुत्र दाखी देवी गाडरी नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
4. बाली पुत्री दाखी देवी गाडरी नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
5. ललिता पुत्र दाखी देवी गाडरी नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
6. शांति लाल पुत्र दाखी देवी गाडरी नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
7. सेहनी पत्नी केसू गाडरी नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।

——प्रार्थीगण

बनाम

1. नन्दू देवी पत्नी श्री रामा भील नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
2. नारायण पुत्र श्री बालू भील नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
3. रामेश्वर पुत्र श्री बालू भील नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
4. जस्सू पत्नी श्री बालू भील नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
5. लादी पत्नी श्री सोहन लाल भील नि0 सायल तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा।
6. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार हमीरगढ जिला भीलवाडा।(राज.)

———अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956

निर्णय दिनांक 18—02—2025

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भॅू—राजस्व अधिनियम 1956 के तहत इस कार्यालय में दिनांक 10—01—2025 को प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि **ग्राम सायला प0ह0 दूडिया भू0अ0नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा की खाता संख्या 53 की आ.न. 40 रकबा 0.8725 है0, आ.न. 40/1 रकबा 0.0379 है0, कुल किता 02 रकबा 0.9104है0, भूमि स्थित है।** वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पडौसी है प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य प्रश्नगत आराजी के सीमा चिन्ह नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहा है। इसलिए प्रार्थी अपने खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराना चाहता है। आवेदन स्वीकार किया जाकर पत्थरगढी के आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में दिनांक **10.01.2025** को पंजीबद्ध किया गया। प्रार्थी के अधिवक्ता उपस्थित । विपक्षी संख्या **01 लगायत 05** बावजूद विधिवत प्रकियानुसार सुनवाई का अवसर देने के उपरान्त उपस्थित नही है। अतः न्यायहित में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया।

प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी/प्रार्थी अधिवक्ता को सुना गया। प्रस्तुत बहस पर मनन किया गया तथा पत्रावली में उपलब्ध रेकार्ड का ध्यापपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य है कि प्रार्थी स्वंय के खाते की खातेदारी कृषि भूमि की पत्थरगढी कराने का

उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ़, जिला-भीलवाड़ा

Scanned with ACE Scanner

अधिकारी है। वैसे भी इस प्रकार के आदेश से अधिकार अभिलेख में किसी प्रकार के हेराफेरी होने का कोई अंदेशा नही है तथा न ही किसी प्रकार अधिकार/स्वत्व निर्धारित किये जाते है। अतः इन तथ्यो को देखते हुए नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के आधार पर आवेदन प्रार्थी स्वीकार योग्य है।

—::आदेश::—

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार हमीरगढ को आदेश दिये जाते है कि **ग्राम सायला प0ह0 दूडिया भू0अ0नि0 बरडौद तह0 हमीरगढ जिला भीलवाडा की खाता संख्या 53 की आ.न. 40 रकबा 0.8725 है0, आ.न. 40/1 रकबा 0.0379 है0, कुल किता 02 रकबा 0.9104है0, भूमि स्थित है।** जिसकी पत्थरगढी राजस्थान लैण्ड रेकार्ड नियम 1956 के प्रावधानो में निर्धारित प्रकिया के अनुसार की जावे तथा नियमानुसार निर्धारित शुल्क 400/—पक्षकार प्रार्थी राजकोष में जमा कराये, साथ ही कमिश्नर फीस 500/—रू0 की नियमानुसार अदायगी प्रार्थी पक्षकार निर्धारित कमिश्नर को भुगतान करें।

आदेश आज दिनांक 18.02.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया जाकर लिखा गया। प्रकरण फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर रहे।

(नेहा छीपा)
उपखण्ड अधिकारी
हमीरगढ

Scanned with ACE Scanner